**दिनांक : 28/05/2026** **समय :7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार:-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 51वीं प्रगति बैठक में राज्यों को स्वच्छता, सोलर ऊर्जा और बुनियादी ढांचे पर तेजी से काम करने के निर्देश दिए।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बकरीद पर देशवासियों को बधाई दी, वहीं मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड ने नमाज सिर्फ मस्जिद और ईदगाह में पढ़ने की अपील की।
- ट्विशा शर्मा मौत मामले में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह की अग्रिम जमानत रद्द की।
- आईपीएल एलीमिनेटर में राजस्थान रॉयल्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 47 रन से हराया, वैभव सूर्यवंशी ने 29 गेंदों में 97 रन की तूफानी पारी खेली।

अब समाचार विस्तार सेः-

प्रगति बैठक-प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में 51वीं प्रगति बैठक की अध्यक्षता करते हुए कई अहम मुद्दों पर राज्यों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन सिर्फ शौचालय बनाने तक न रहे बल्कि कचरा प्रसंस्करण और गोबरधन संयंत्रों में भी तेजी लाई जाए। छतों पर सोलर पैनल लगाने को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे बिजली सस्ती होगी और स्वच्छ ऊर्जा को बल मिलेगा।

बकरीद बधाई-राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ईद-उल-अजहा पर देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह त्योहार भक्ति, त्याग और निस्वार्थता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें वंचितों की सेवा करने की प्रेरणा देता है। वहीं दूसरी तरफ प्रदेश में वक्फ बोर्ड ने लोगों से सड़क या सार्वजनिक जगहों पर नमाज ना पढ़ने की अपील की है। बोर्ड का कहना है कि नमाज सिर्फ मस्जिद और ईदगाह में ही पढ़ी जाए। इसके अलावा कुर्बानी भी तय जगहों पर और उसके फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर न शेयर करने के लिए कहा गया है।

केंद्र सरकार योजना-आभार-मुख्यमंत्री

केंद्र सरकार ने सार्थक-पीडीएस फेज-2 के लिए 25 हजार 530 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं, जिस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस योजना में एआई और आधुनिक तकनीक के जरिए राशन वितरण पहले से ज्यादा पारदर्शी और बेहतर होगा। डॉ. यादव ने बताया कि पिछले एक दशक में राशन कार्ड डिजिटलीकरण, आधार से जोड़ना और ई-पीओएस मशीनों जैसे कई अहम सुधार पहले ही किए जा चुके हैं। यह नई योजना उसी कड़ी को और आगे बढ़ाएगी।

खरीफ सम्मेलन उद्घाटन- केंद्रीय कृषि मंत्री

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चैहान आज नई दिल्ली में खरीफ अभियान 2026 पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इसमें केंद्र-राज्य सरकारें, आईसीएआर और कृषि संस्थान मिलकर आने वाले खरीफ सीजन की तैयारियों पर विचार करेंगे। चर्चा का जलवायु के अनुकूल खेती, दलहन-तिलहन उत्पादन, प्राकृतिक खेती और डिजिटल कृषि पर रहेगा।

ट्विशा मौत मामला, सास जमानत रद्द

भोपाल की ट्विशा शर्मा मौत मामले में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह की अग्रिम जमानत रद्द कर दी है। कोर्ट ने देर रात 17 पन्नों के आदेश में कहा कि मामले की गंभीरता और सबूतों को देखते हुए राहत देना उचित नहीं था। साथ ही निचली अदालत पर भी सवाल उठाए कि उसने केस डायरी और साक्ष्यों की सही जांच नहीं की। अब सीबीआई गिरिबाला को कभी भी गिरफ्तार कर सकती है। वहीं पति समर्थ सिंह पहले से 29 मई तक सीबीआई रिमांड पर है। 12 मई की रात भोपाल के कटारा हिल्स में ट्विशा की संदिग्ध हालात में मौत हुई थी। ससुराल पक्ष इसे आत्महत्या बता रहा है जबकि मायके वाले हत्या का आरोप लगा रहे हैं।

सर्वोच्च न्यायालय- एसआईआर प्रक्रिया

सर्वोच्च न्यायालय ने निर्वाचन आयोग द्वारा कराई गई मतदाता सूचियों की विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर प्रक्रिया की वैधता को बरकरार रखा है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉय माल्या बागची की पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1950 के तहत एसआईआर कराने की पूर्ण शक्ति रखता है। न्यायालय ने माना कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव केवल मतदान प्रक्रिया पर नहीं, बल्कि मतदाता सूचियों की सटीकता और विश्वसनीयता पर भी निर्भर करते हैं।

कुआं हादसा-पन्ना

प्रभारी मंत्री इन्दर सिंह परमार कल पन्ना जिले के बीहरपुरवा गांव पहुंचे और कुआं धसकने से जान गंवाने वाले पांच मजदूरों के परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने शोक में डूबे परिवारों को ढांढस बंधाया और कहा कि ये मजदूर अपने घर-परिवार के लिए मेहनत कर रहे थे और यह हादसा बेहद दर्दनाक है। उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई से लेकर सरकारी योजनाओं का लाभ भी पीड़ित परिवारों को दिलाया जाएगा।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मई को मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम का 134वां एपिसोड होगा। श्रोता टोल-फ्री नंबर 1800-11-7800 पर कॉल करके, नरेंद्र मोदी ऐप या माॅयजीओवी ओपन फोरम के माध्यम से अपने विचार और सुझाव भेज सकते हैं। आगामी एपिसोड के लिए सुझाव 29 मई तक स्वीकार किए जाएंगे।

सांची के पवित्र अवशेष मंगोलिया जाएंगे

सांची स्तूप में रखे भगवान बुद्ध के दो प्रमुख शिष्यों, सारिपुत्र और महामोद्गल्यायन के पवित्र अवशेष मंगोलिया भेजे जा रहे हैं। आज ये अवशेष भोपाल से दिल्ली रवाना होंगे, जहाँ 29 मई को राष्ट्रीय संग्रहालय में लोग इनके दर्शन कर सकेंगे। इसके बाद 30 मई को भारतीय वायुसेना का विशेष विमान इन्हें मंगोलिया ले जाएगा। वहाँ की राजधानी उलानबातर में 31 मई से आम लोगों के दर्शन के लिए रखा जाएगा. यहां करीब दस लाख श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है।

बाल विवाह - प्रतिषेध अधिकारी

प्रदेश सरकार ने बाल विवाह रोकने के लिए जिले से लेकर गांव तक के अधिकारियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी बना दिया है। अब कलेक्टर से लेकर पटवारी तक, हर स्तर पर कोई न कोई अधिकारी सीधे जिम्मेदार होगा। शहरी इलाकों में नगर निगम के जोनल और स्वास्थ्य अधिकारियों को भी यह जिम्मा सौंपा गया है। साल 2025 में प्रदेश में बाल विवाह के 538 मामले दर्ज किए गए थे।

नई गोकुल धाम नीति

प्रदेश में स्वावलंबी गौशाला नीति 2025 के तहत बड़े पैमाने पर गौशालाएं बनाने की तैयारी है। राज्यमंत्री लखन पटेल ने कल समीक्षा बैठक में बताया कि हर गौशाला में कम से कम 5000 गौवंश रखना जरूरी होगा, जिसमें 30 प्रतिशत दुधारू नस्ल की गाएं होंगी। इसके लिए सरकार 125 एकड़ तक जमीन उपयोग के अधिकार पर देगी।

सिंहस्थ 2028-ग्रीन सिंहस्थ

उज्जैन में सिंहस्थ 2028 को ग्रीन सिंहस्थ थीम पर सजाने की तैयारी शुरू हो गई है। संभागायुक्त आशीष सिंह ने सभी विभागों को सात दिन में पौधारोपण की प्लानिंग करने के निर्देश दिए हैं। नई सड़कों, पंचक्रोशी मार्ग और शिप्रा नदी के नए घाटों के किनारे अमलतास, गुलमोहर और पलाश जैसे गर्मियों में खिलने वाले फूलदार पौधे लगाए जाएंगे। कुल मिलाकर 10 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

आईपीएल

आईपीएल एलीमिनेटर में कल रात राजस्थान रॉयल्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 47 रन से हराकर अगले दौर में जगह बना ली। मैच के सबसे बड़े हीरो रहे वैभव सूर्यवंशी, जिन्होंने सिर्फ 29 गेंदों में 97 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द मैच बने। वहीं आज राजस्थान का मुकाबला गुजरात टाइटंस से होगा और जीतने वाली टीम रविवार को अहमदाबाद में आरसीबी से फाइनल खेलेगी।

मौसम

अब बात मौसम की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए प्रदेशवासियों से अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की अपील की है। उन्होंने लोगों से हाइड्रेटेड रहने और घर से निकलते वक्त पानी की बोतल साथ रखने को कहा है। वहीं दूसरी तरफ प्रदेश में इस बार नौतपा में सिर्फ तेज धूप नहीं, आंधी और बारिश का दौर भी साथ चल रहा है। छतरपुर के खजुराहो और नौगांव 18 मई से लगातार प्रदेश के सबसे गर्म शहर बने हुए हैं। कल दोनों जगह पारा 46.6 डिग्री रहा। आज यहां तीव्र लू का रेड अलर्ट है। हालांकि राहत की बात यह है कि कल से 31 मई तक पश्चिमी विक्षोभ के चलते कई जिलों में बारिश होने की संभावना है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

- बैतूल में बारातियों से भरी पिकअप पलटने से एक महिला और आठ साल के मासूम बच्चे की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन लोग घायल हो गए।
- रतलाम जिले के आलोट के पास चलती कार में अचानक आग लग जाने से एक व्यक्ति झुलस गया, जबकि चालक और एक अन्य सवार ने कूदकर जान बचाई।
- खंडवा जिला चिकित्सालय में विश्व तंबाकू निषेध सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- नर्मदापुरम कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिला अधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।
- देवास की शाही ईदगाह में ईद की नमाज अदा की जाएगी। वहीं काजी साहब ने समाज से कुर्बानी का हिस्सा गरीबों और जरूरतमंदों तक पहुंचाने की अपील की है।
- खरगोन जिला सहकारी बैंक की ठिबगांव शाखा में 41 लाख से अधिक के गबन पर तीन कर्मचारी निलंबित।

- शिवपुरी कलेक्टर ने दुकानों, ढाबों और कारखानों में बाल श्रम रोकने के लिए अधिकारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।
- आगरमालवा में पेयजल और हैंडपंप शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम शुरू।
- कटनी में प्रेमनगर बस्ती के आवासों पर बने आठ अनधिकृत कब्जे जिला प्रशासन ने हटाए।
- राजगढ़ में जल संचयजन भागीदारी अभियान के तहत तकनीकी मार्गदर्शन कार्यशाला आयोजित।
- शहडोल में इस साल खरीफ धान बोनी का लक्ष्य तीन हजार हेक्टेयर बढ़ाकर एक लाख पचास हजार हेक्टेयर किया गया।

-------------